सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-485
09/10/2017

# मुख्यमंत्री के लोक संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पटना, 09 अक्टूबर 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित लोक सवांद में मुख्यमंत्री के लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन, पुलिस, गृह, निगरानी, पंचायती राज, सहकारिता, नगर विकास एवं आवास, मद्य निषेध निबंधन एवं उत्पाद विभाग, वाणिज्य कर, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भूतत्व, परिवहन तथा आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित मामलों पर 06 लोगों द्वारा मुख्यमंत्री को अपना सुझाव दिया गया।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में मुॅगेर के श्री मनोरंजन मजूमदार, खगड़िया के श्री अमरजीत कुमार सिंह, पटना के श्री कुणाल किशोर शर्मा, वैशाली के श्री आशीष कुमार, मधुबनी के श्री कुमार हर्ष रंजन एवं दरभंगा के श्री पप्पू कुमार सिंह ने अपने–अपने सुझाव एवं राय मुख्यमंत्री को दिये। प्राप्त सुझाव एवं राय पर संबंधित विभाग के प्रधान सचिव/सचिव ने वस्तु स्थिति को स्पष्ट किया। लोगों से प्राप्त सुझाव एवं राय पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, निबंधन, मद्य निषेध उत्पाद एवं वाण्ज्यि कर मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री राम नारायण मंडल, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, सहकारिता मंत्री श्री राणा रंधीर सिंह, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री बिनोद कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री दिनेश चन्द्र यादव, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल समन्वय श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव उपस्थित थे।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम के पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह के बेटे पर लगे आरोप पर पूछे गये प्रश्न के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बारे में मुझे बुनियादी तथ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जब तक बुनियादी जानकारी नहीं होगी, तब तक इस पर किसी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त करना मुनासिब नहीं है। श्री शरद यादव के बारे में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने सिद्धांत छोड़ दिया है। पिछले 40 वर्षों में उनको वो जगह मीडिया में नहीं मिला, जितना आपलोगों ने दो महीने में दे दिया। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वंशवाद के पिछलग्गू बन गये हैं। जे0पी0, लोहिया का कौन सा परिवार था। जहॉ तक पार्टी का सवाल है, जो औथेंटिक है, वह सबके सामने है। श्री शरद यादव भारत निर्वाचन आयोग के पास दो बार गये और दोनों बार भारत निर्वाचन आयोग ने मामले को अस्वीकृत कर दिया। हमने बिहार के हित में फैसला लिया है। बिहार के विकास के लिये फैसला लिया है। आपलोग सर्वे करा लीजिये, हमारे काम को देखिये। गॉधी जी, लोहिया जी, जे0पी0 जी के द्वारा विकास के

लिये बताये गये विकेन्द्रीकरण के तरीकों को अपना रहे हैं, उसका प्रतिफल सभी लोगों को मिल रहा है, सबका विकास हो रहा है।

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात के बारे में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनसे बिहार के विकास के संबंध में काफी सार्थक और विस्तार से बातें हुई है। गैस पाइप लाइन बिछाये जाने के बारे में, बरौनी रिफाइनरी के एक्सपैंशन के बारे में, गैस बेस्ट फर्टिलाइजर प्लांट के बारे में बातें हुयी। इस संबंध में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में राज्य सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। मैंने उनसे कहा कि हमलोग बिजली और एल0पी0जी0 जब उपलब्ध करा रहे हैं तो किरासन तेल में कटौती करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को दूँगा, जिसके बदले में आर्थिक सहायता के रूप में हमलोगों को दो सौ से ढ़ाई सौ करोड़ रूपये मिलेगा। हमने किसी एक जिला को चयन कर प्रत्येक घर में एल0पी0जी0 कनेक्शन देने का सुझाव दिया है। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जायेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के पदाधिकारी से डायरेक्ट सम्पर्क के लिये हमने विकास आयुक्त को इसकी जिम्मेदारी दी है ताकि आपस में समन्वय बना रहे। तेल की दरों पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बेस प्राइस घटाने की जरूरत है। हमारा बेस प्राइस 55 रूपये है, जबकि झारखण्ड का 51 रूपये है। सबको फिर से रिकैलकुलेट करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि पटना विश्वविद्यालय के सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में पधार रहे हैं। अनेक विकास योजनाओं का शिलान्यास होगा, मोकामा तक छह लेन का कार्यारंभ होगा। शहरी विकास की अनेक विकास योजनाओं का कार्यारंभ होगा। सवा लाख करोड़ रूपये के पैकेज पर पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सारी योजनायें उसी का हिस्सा है। अपने ही राज्य के श्री आर0के0 सिंह ऊर्जा मंत्री बने हैं, उनसे भी मुलाकात हुयी है और प्रदेश के विकास के लिये आपस में सार्थक चर्चा हुयी है। हमारे ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल से भी आपसी विकास पर चर्चा करना चाहते हैं, जिसे कई लंबित योजनाओं को आगे बढ़ाया जा सकेगा। बुनियादी क्षेत्र में कार्य प्रारंभ होगा।

2 अक्टूबर से दहेज प्रथा एवं बाल विवाह संबंधित चलाये जा रहे अभियान पर पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधार की दिशा में यह बड़ा अभियान है, जिसमें आप मीडिया वाले भी इसको आगे बढ़ाने में हमारी मदद करेंगे। बिहार में बाल विवाह 39 प्रतिशत है। महिला अपराध में बिहार का 26वां स्थान है। अगर दहेज प्रथा एवं बाल विवाह बंद हो जाय तो कितना बड़ा बदलाव आयेगा। इसके लिये जागरूकता बहुत बड़ा माध्यम बनेगा। 21 जनवरी 2018 को मानव श्रृंखला बनेगी, जो जन समर्थन का प्रतीक होगा। लोग अगर खुद ही ये कहेंगे कि मैंने बिना दहेज के शादी किया है तो इसका समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने मीडिया को समाज में बदलाव का बड़ा शक्तिशाली माध्यम बताया, इसके लिये उनसे इस अभियान के सकारात्मक पक्ष से लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। पिछले 12 वर्षों में विकास के अनेक काम हुये हैं। यह काम चलता रहेगा। समाज सुधार से इस राज्य को एक नई दिशा मिलेगी।

हाल में हुये साम्प्रदायिक घटना के संबंध में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कुछ विध्वंसक प्रवृति के लोग रहते हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं। इस बार दशहरा एवं मुहर्रम एक दिन आगे पीछे था। मूर्ति विसर्जन एवं तजिया जुलूस को लेकर कुछ परेशानी खड़ा करने की कोशिश की गयी लेकिन प्रशासन एवं पुलिस की सर्तकता तथा सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों की जागरूकता से ऐसे लोगों को कामयाबी नहीं मिली। बिहार के लोग सद्भाव, प्रेम, सौहार्द्र एवं मैत्री के भाव में रहकर ऐसी ताकतों को अस्वीकार्य किये। बालू की समस्या के संबंध में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन न

हो, पर्यावरण का बचाव हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बालू के होल सेल के लिये राज्य सरकार ने ट्रेड कॉरपोरेशन का गठन किया है। धीरे–धीरे ये चीजें सामान्य हो जायेगी। पूर्व केन्द्रीय वित मंत्री श्री यशवंत सिन्हा द्वारा केन्द्र सरकार के विमुद्रीकरण और जी0एस0टी0 पर उठाये गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों नीतियों का मैं दृढ़तापूर्वक समर्थन करता हूँ, जिससे काले धन पर पाबंदी लगेगी। इस पर और चोट करने की जरूरत है। शुरू में जी0एस0टी0 को लेकर थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन चीजें सामान्य हो जायेगी। हमारे उप मुख्यमंत्री जी0एस0टी0 कमिटी में संयोजक हैं। यह खुशी की बात है। तकनीकी संबंधी चीजों से और इसे सरल बनाया जाय। आर्थिक जगत में पारदर्शिता के लिये जी0एस0टी0 एक उचित कदम है। पारदर्शी तरीके से व्यापार कीजिये, खूब पैसा कमाइये और सरकार को भी टैक्स दीजिये, जिससे विकास होगा।

*******